RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

नीमच, बुधवार
06 मार्च 2024

वर्ष 01, अंक 52, - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866




पेज नं 4 ... जनसुनवाई में मिला लीज नवीनीकरण आदेश

Commodity: Gold 66,510 Silver 73,347 Crude Oil 6,514 Natural Gas 159.30 Aluminium 201.60 Copper 727.30

**खास खबर**

## पं. प्रदीप मिश्रा आएगें मनासा 1 से 7 अप्रैल तक होगा करेगें शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन




**नीमच।** आगामी दिनों में देश के प्रख्यात कथा वाचन प्रदीप मिश्रा का नीमच जिले में आगमन हो रहा है। जिसे लेकर तैयारियां भी जोरों-शोरों से चल रही है।

जानकारी के अनुसार, मंदिरों की नगरी के नाम से मशहूर मनासा में आगामी 1 से 7 अप्रैल तक शिव महापुराण का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जो प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद होगी। आयोजन को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है।

आपकों बता दें कि, देश की सेवा में लगे सभी वीर जवानों की सलामती एवं शहीद हुए जवानों की पुण्य स्मति में शिव महापुराण का यह भव्य आयोजन शांतिबाई पति स्वर्गीय शंकरलाल देवड़ा (कचेलिया तेली) दिनेश देवड़ा, दिलीप देवड़ा (मध्य प्रदेश पुलिस) और प्रवीण देवड़ा (इंडियन आर्मी) के सानिध्य में होगा।

# शाजापुर में भाजपा नेता ने राहुल गांधी को आलू देकर कहा, सोना बनाओ, मोदी और श्रीराम के नारे भी लगाए



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मंगलवार को चौथा दिन है। शाजापुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल के सामने मोदी-मोदी के नारे और श्रीराम के जयकारे लगाए तो राहुल गाड़ी से उतरकर उनसे मिलने पहुंचे। एक भाजपा नेता ने राहुल को आलू देकर कहा, सोना बनाओ। राहुल बोले- धन्यवाद, अगली बार सोना लेकर आऊंगा।

कमलनाथ ने मीडिया से बातचीत में कहा, कांग्रेस इस बार एमपी में 13 लोकसभा सीट जीतेगी। राहुल दोपहर दो बजे उज्जैन में महाकाल के दर्शन करेंगे। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कहा, उनकी बगुला भक्ति से कुछ होने वाला नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने लोगों को धर्म, जाति और प्रदेश की राजनीति में बांट दिया है। कांग्रेस पार्टी यह सुनिश्चित कर रही है कि सब लोग एक साथ आए। भाजपा की विचारधारा नफरत की विचारधारा है और हमारी विचारधारा नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दुकान की विचारधारा है।

गांधी ने आगे कहा कि इस यात्रा में हमने एक और शब्द जोड़ दिया है और वह शब्द है न्याय क्योंकि हमारी यात्रा का मकसद हर वर्ग को %न्याय% दिलाने का है। भारत जोड़ो यात्रा कई प्रदेशों में नहीं पहुंच पाई थी और लोगों ने निवेदन किया था कि उनके प्रदेशों से भी यात्रा निकलनी चाहिए इसलिए दूसरी बार यह यात्रा की जा रही है।

राहुल गांधी ने कहा कि आज 22 लोग हैं जिनके पास देश का 50 प्रतिशत धन है। मोदी जी ने 16 लाख करोड रुपए व्यापारियों के माफ कर दिए हैं, लेकिन किसानों का 1 रुपया भी माफ नहीं किया। श्री गांधी ने कहा कि 50 प्रतिशत पिछड़े, 15 प्रतिशत दलित एवं 8 प्रतिशत आदिवासी, अल्पसंख्यक एवम सामान्य गरीब मिलाकर 90 प्रतिशत होते हैं उनकी भागीदारी नगण्य है। किसी बड़ी कंपनी की लिस्ट निकालो जितनी बड़ी कंपनियों की लिस्ट में उनके मालिकों में एक नाम भी इस 90 प्रतिशत वर्ग के लोगों का नहीं है, उनके सीनियर मैनेजमेंट में भी एक नाम नहीं, मीडिया के मालिकों में भी इस 90 प्रतिशत वर्ग का एक भी नाम नहीं, ब्यूरोक्रेसी में देखें तो 90 लोग जो कि आईएएस अधिकारी हैं उसमें से केवल तीन ओबीसी, एक आदिवासी एवं तीन दलित हैं, जब बजट आता है 100 में से 6 रुपए का केवल ये लोग फैसला करते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि जीएसटी 90 प्रतिशत लोग देते हैं, लेकिन जेब 20 अमीर उद्योगपतियों की भरती है, इन समस्याओं से निजात पाने का तरीका है जाति आधारित जनगणना। अग्नि वीर योजना की बजह से आज गरीब के पास सरकारी सेवा में जाने का रास्ता बंद है, पीएसयू कांग्रेस लायी, बीएसएनल, वीएसएनल, हिंदुस्तान पेपर यह सब कांग्रेस ने बनाया, मोदी जी ये उद्योगपतियों को दे रहे हैं।

जिस तरह हाथ टूट जाए तो उसका एक्स-रे किया जाता है, उसी तरीके से जाति आधारित जनगणना समाज का एक्स-रे है, हमने जब इस क्रांतिकारी राजनीतिक कदम की बात की तो मोदी जी ने कहा कि वे सिर्फ 4 जातियां जानते हैं, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वे सिर्फ 20-22 उद्योगपतियों की मदद करना चाहते हैं आपकी नहीं।

गांधी ने कहा कि मीडिया में आज बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, जाति आधारित जनगणना नहीं दिखाई जाती है, अंबानी जी के यहां की शादी दिखाई जाती है, टीवी पर आप बॉलीवुड देख लो बिल गेट्स देख लो लेकिन बॉर्डर पर मरते हुए किसान नहीं दिखाई देते हैं। जाति आधारित जनगणना इस 90 प्रतिशत वर्ग के फायदे का मुद्दा है, हम कर्ज माफी की बात करते हैं। रोजगार की बात करते हैं हम आपके साथ न्याय की बात करते हैं। इसी के साथ श्री गांधी ने उन्हें सुनने आए लोगों का दिल से धन्यवाद दिया।

# बेहतर और व्यवस्थित हों आगामी सभी कार्यक्रम- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**मुख्यमंत्री ने 5 मार्च से 10 मार्च तक के विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी बैठक ली**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 5 मार्च से 10 मार्च 2024 तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की प्रभावी तैयारी की जाना सुनिश्चित की जाए। सभी कार्यक्रम बेहतर और व्यवस्थित हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त और कलेक्टर वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 5 मार्च को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर नियुक्ति पत्रों के वितरण, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह, नगारीय निकायों को 820.20 करोड़ का अंतरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चयनित अभ्यर्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित होंगे। कुल 8 हजार 835 नियुक्ति पत्र वितरित होंगे जिनमें से 3 हजार अभ्यार्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 6 मार्च को ग्वालियर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीसी के माध्यम से देश की स्व-सहायता समूहों की बहनों से चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अलावा भिंड में सहकारिता एवं किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। अशोक नगर में क्राफ्ट हेंडलूम टूरिज्म विलेज परियोजना का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर के सभागार में मध्यप्रदेश में गौ-शालाओं के बेहतर प्रबंधन पर हितधारकों की कार्यशाला का समापन सत्र आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 7 मार्च को चित्रकूट जिला सतना में श्रीराम वन पथ गमन के कार्यक्रम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे। इसके लिए समय रहते प्रभावी तैयारी सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि इसी दिन सिंगरौली में राज्य ग्रामीण और शहरी आजीविका मिशन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया जाएगा। 7 मार्च को ही इंदौर में राज्य स्तरीय साड़ी वॉकथॉन कार्यक्रम होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री मोदी ग्वालियर एयर पोर्ट भवन के उद्घाटन से वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे।

इस अवसर पर संबल योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से राशि वितरण कार्यक्रम भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर्स शासन की अच्छी छवि बनाने के लिए नवाचार करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण के जहां जहां पग पड़े हैं उन स्थानों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि गौवंश एवं गौ शालाओं के लिए सुप्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

## डेमू ट्रेन में रतलाम से इंदौर का किराया 60 की जगह 30 रुपये हुआ

**रतलाम।** पैसेंजर ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने बड़ी राहत दी है। कोरोना काल के दौरान की गई किराया वृद्धि को वापस लेते हुए पूर्ववत कर दिया है।

रेलवे के नोटिफिकेशन में मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) ट्रेन और जीरो नंबर से शुरू होने वाली सभी पैसेंजर ट्रेनों का किराया घटाया गया है।

यह बदलाव उन सभी एक्सप्रेस स्पेशल, मेमू, डेमू ट्रेन पर लागू होगा, जिन्हें पहले पैसेंजर ट्रेन कहा जाता था।

रेलवे बोर्ड से 27 फरवरी को जारी आदेश के बाद मंडल प्रशासन ने इस पर अमल किया है।

# नीमच में विधायक श्री व्दारा नवनियुक्त 46 पटवारियों को नियुक्ति पत्र वितरित

**जिला स्तरीय स्वच्छता प्रेरणा समारोह में 20 स्वच्छता मित्रों का हुआ सम्मान**




**नीमच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता प्रेरणा समारोह में प्रदेश के 8 हजार 500 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के नगरीय निकायों के विकास कार्यो के लिए एक हजार करोड की राशि का अंतरण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव व्दारा 1540 करोड लागत से भोपाल मेट्रो ट्रेन 8 नये रेल्वे स्टेशनों का भूमिपूजन भी किया गया। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजय वर्गीय, मंत्री कैलाश सारंग एवं मंत्रीगण तथा अन्य जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता में अग्रणी रहकर, विश्व स्तरीय अधोसंरचना निर्माण से मध्यप्रदेश को नम्बर वन बनाने का संकल्प पूरा किया जायेगा। भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी बन गया है। इंदौर को लगातार 7वीं बार देश में नम्बर वन स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है।

भोपाल में आयोजित इस स्वच्छता प्रेरणा समारोह का जिला स्तर पर भी सीधा प्रसारण किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने राज्य स्तरीय स्वच्छता प्रेरणा समारोह का सीधा प्रसारण देखा व सुना तथा मुख्यमंत्री जी का उदबोधन भी सुना व देखा। नीमच के वात्सल्य भवन में आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता प्रेरणा समारोह में विधायक दिलीप सिह परिहार, नीमच नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपडा, कलेक्टर दिनेश जैन भी मंचासीन थे।

जिला स्वच्छता प्रेरणा समारोह में विधायक श्री परिहार व कलेक्टर दिनेश जैन एवं अतिथियों ने नवनियुक्त 46 पटवारियों को नियुक्ति आदेश प्रदान किए साथ ही 20 स्वच्छता मित्रों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर, सम्मानित किया। विधायक श्री परिहार ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को सरकार व्दारा रोजगार प्रदान किया जा रहा है। आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव व्दारा 8 हजार 500 से अधिक बेरोजगार युवाओं को विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए है। नियुक्ति का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। विधायक श्री परिहार ने कहा कि केबिनेट व्दारा नीमच बायपास निर्माण का कार्य स्वीकृत कर दिया गया है।

प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएमओ महेन्द्र वशिष्ठ , अधीक्षक कन्हैयालाल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी घनश्याम नागदा, आदि ने अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विजय बाफना ने किया तथा प्रवीण आर्य ने आभार माना।

# पहले निकली प्लाग रन, फिर पार्क में चला स्वच्छता अभियान

**नपाध्यक्ष व स्वास्थ्य सभापति ने भी हाथ में झाड़ू थाम की सफाई**




नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. श्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में 5 मार्च को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा समारोह के अंतर्गत नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा भी मंगलवार को स्वच्छता प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। आम नागरिकों को स्वच्छता की प्रेरणा प्रदान करने के लिये पहले भारतमाता चौराहे से प्लाग रन (स्वच्छता दौड़) का आयोजन किया गया, जिसे नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा व स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित ने हरी झंडी दिखाई। प्लाग रन भारतमाता चौराहे से प्रारंभ होकर पारसी बावडी स्थित शहीद भगतसिंह पार्क पहुँची, जहां नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा व स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित सहित सभी उपस्थितजनों ने हाथ में झाडू थाम कर बगीचे की सफाई की। भारतमाता चौराहे से प्रारंभ हुई प्लाग रन में नपाध्यक्ष व स्वास्थ्य सभापति के साथ ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री महेन्द्र वशिष्ठ, समाजसेवी श्री संतोष चौपड़ा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री घनश्याम नागदा, कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा, राजस्व अधिकारी श्री टेकचंद बुनकर, एनयूएलएम प्रभारी श्री प्रवीण आर्य, संकल्प पर्यावरण संस्था व स्वच्छ भारत अभियान के पदाधिकारी, नपा पार्षदगण व गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर क्षेत्र को ''हम सबने यह ठाना है नीमच को स्वच्छ बनाना है'' नारे से गुंजायमान कर दिया। प्लाग रन में शामिल सभी लोग हाथ में कपड़े का झोला पकड़े रास्ते से कचरा उठाकर कपड़े के झोले में डालते चल रहे थे। स्वच्छता दौड़ पारसी बावड़ी स्थित शहीद पार्क पर समाप्त हुई, जहां नपाध्यक्ष व स्वास्थ्य सभापति ने शहीद भागतसिंह, सुखदेव व राजगुरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व सभी के साथ हाथ में झाडू थाम बगीचे की सफाई की। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्री सुनील कटारिया, नपा पार्षदगण श्री राकेश किलोरिया, श्री अरूण प्रजापत, श्री योगेश कविश्वर, श्री राजेश लालवानी, श्री आलोक सोनी, श्री शशि कल्याणी, श्री रामलाल ग्वाला, श्री अशोक जोशी, श्री विनित पाटनी, श्री साबिर मसूदी, संकल्प पर्यावरण संस्था व स्वच्छ भारत संस्था के डॉ. हरनारायण गुप्त, श्री किशोर बागड़ी, श्री नवीनकुमार अग्रवाल, श्री राजेन्द्र जारोली, डॉ. राकेश वर्मा, रमेशचन्द्र मोरे, श्री हरीश उपाध्याय, नपा के स्वच्छता निरीक्षक श्री भारतसिंह भारद्वाज, श्री भेरूलाल अहीर, संकल्प पर्यावरण के दुलीचंद कनेरिया, हरिराम धाकड़, राजकुमार सिन्हा सहित नपा के सफाई मित्र, स्वच्छता पर्यावेक्षक, गणमान्य नागरिक व स्वच्छता प्रेमी भी उपस्थित थे।

प्लॉग रन व सफाई अभियान के बाद दोपहर में वात्सल्य भवन पर लाईव प्रसारण, सम्मान समारोह सहित मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।




# रतनगढ पुलिस ने पकड़ा पिकअप से 06 क्विंटल अवैध डोडाचुरा, 1 तस्कर गिरफ्तार

नीमच। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये है।

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच नवलसिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी जावद सुश्री वैशालीसिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रतनगढ बी.एस. गोरे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पीकअप वाहन से 30 काले रंग के प्लास्टिक के कट्टों में भरा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा कुल वजनी 600 किलोग्राम मय पीकअप वाहन कुल कीमति 23 लाख रूपयें का जप्त कर 01 तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 05.03.2024 को थाना रतनगढ पर जरिये मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की पिकअप क्रमांक आरजे 49 जीए 2227 में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा परिवहन किया जा रहा है, सूचना प्राप्त होने पर उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए विघुत ग्रिड के पास दुधतलाई, रामनगर आम रोड पर नाकाबन्दी की गई, नाकाबन्दी के दौरान सफेद रंग की पिकअप वाहन क्रमांक आरजे 49 जीए 2227 को घेराबन्दी कर रोका तथा वाहन में बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछते उक्त व्यक्ति ने अपना नाम राधेश्याम पिता शालिगराम पाटीदार उम्र 48 साल निवासी ग्राम डीकेन थाना रतनगढ़ जिला नीमच (म.प्र.) का होना बताया। उक्त पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में 30 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 600 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा छिलका भरा हुआ मिला।

प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर मौके की सम्पूर्ण कार्यवाही कर आरोपी के विरुद्व थाना रतनगढ पर अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा लाने ले जाने के स्त्रोतो के संबंध में पूछताछ जारी है।

**जप्त मश्रुका**- 06 क्विंटल अवैध डोडाचुरा किमती 15 लाख रूपयें एवं पिकअप किमती 08 लाख रूपयें कुल जप्त मश्रुका किमती 23 लाख रुपयें

उक्त कार्य में थाना प्रभारी रतनगढ निरीक्षक बी.एस. गोरे एंव उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर पर तीन दिवसीय विशाल एवं भव्य महाशिवरात्रि मेला 7 से 9 मार्च तक

**महाशिवरात्रि पर फूलों से सजेगा भोले बाबा का आलौकिक दरबार, महाभिषेक और छप्पन भोग 8 मार्च को**



**नीमच।** नगर के अतिप्राचीनतम व आस्था के केंद्र भूतभावन भगवान श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर 7 मार्च से 9 मार्च तक तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे दिनांक 7 मार्च 2024 गुरूवार को सायंकाल आरती पश्चात मेले का विधिवत शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में होगा। 8 मार्च 2024 शुक्रवार को बाबा भूतेश्वर महादेव का महाभिषेक व फूलों से शाही श्रृंगार के साथ छप्पन भोग का आयोजन होगा। श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष राकेश भारद्वाज, सचिव राजेन्द्र पांडे, समिति के सदस्य राधेश्याम मित्तल (भगवान), मेला समिति संयोजक अश्विन डांगी, अनिल चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को मंदिर पर किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और भव्य व्यापक मेले की तैयारियों को लेकर समस्त मदिर की साज सज्जा, विद्युत व्यवस्था, रंगरोगन, सहित मेला प्रांगण की स्वच्छता आदि व्यवस्था की जा रही है।

गत वर्ष मेले को मिली अपार सफलता को देखते हुए इस बार तीन दिवसीय भव्य मेला- भगवान भूतेश्वर महादेव पर गत वर्ष प्रथम बार दो दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया गया था। जिसे श्रद्धालुओं ने काफी सराहा था। गत वर्ष मेले को मिली अपार सफलता को देखते हुए इस बार मंदिर समिति ने इस बार तीन दिवसीय मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष समिति ने इसे और व्यापक स्तर पर मनाने हेतु सारी तैयारियां पुण कर ली है। इस बार मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले चकरी, मिक्की माउस व खान-पान के स्टॉल लगाई गई है। खिलौने, प्लास्टिक सामान, ज्वेलरी शॉप, मनिहारी सामान की दूकानें आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

# भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता पहुंचे नीमच हुआ आत्मीय स्वागत, लिया जीत का लक्ष्य




**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव हेतु घोषित किए गए मंदसौर जावरा नीमच संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता आज सोमवार को नीमच भाजपा कार्यालय तपो भूमि पर पहुंचे जहां मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत कर आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार,मनासा विधायक माधव मारू नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने भी अपना उद्बोधन दिया कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता ने बूथ स्तर पर 370 ओर अबकी बार 11 लाख पार मतदान करवाने व मौजूद कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर भाजपा की रीति नीति एवं विकास कार्यों से अवगत कराते हुए जीत का लक्ष्य लिया गया है कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राकेश भारद्वाज महेंद्र भटनागर करण सिंह परमार नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, संतोष चोपड़ा,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना जयसवाल, वंदना खंडेलवाल, किरण शर्मा, हेमलता धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# IND vs ENG: धर्मशाला में यशस्वी जायसवाल रचेंगे इतिहास, टूटेगा 34 साल पुराना रिकॉर्ड! यह मुकाम हासिल करने वाले बनेंगे पहले भारतीय बैटर

**यशस्वी जायसवाल की दमदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम सीरीज में 3–1 की अजेय बढ़त पहले ही हासिल कर चुकी है। यशस्वी भारत और इंग्लैंड सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में पहले ही विराट कोहली की बराबरी कर चुके हैं। धर्मशाला में होने वाले पांचवें टेस्ट में यशस्वी के पास 34 साल पुराना रिकॉर्ड चकनाचूर करने का सुनहरा मौका होगा।**



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज यशस्वी जायसवाल के लिए यादगार रही है। यशस्वी का बल्ला इस सीरीज में जमकर बोला है और वह कई बड़े रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर चुके हैं। चार मैचों में युवा सलामी बल्लेबाज 93.57 की औसत से 655 रन कूट चुका है, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है।

धर्मशाला में होने वाले पांचवें टेस्ट में यशस्वी के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका होगा। यशस्वी की निगाहें सुनील गावस्कर के महारिकॉर्ड पर भी होंगी।

**यशस्वी रचेंगे धर्मशाला में इतिहास**

यशस्वी जायसवाल की दमदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम सीरीज में 3–1 की अजेय बढ़त पहले ही हासिल कर चुकी है। यशस्वी भारत और इंग्लैंड सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में पहले ही विराट कोहली की बराबरी कर चुके हैं। धर्मशाला में होने वाले पांचवें टेस्ट में यशस्वी के पास 34 साल पुराना रिकॉर्ड चकनाचूर करने का सुनहरा मौका होगा। दरअसल, भारत–इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ग्राहम गूच के नाम है, जिन्होंने साल 1990 में तीन मैचों की सीरीज में 752 रन कूटे थे। यशस्वी अगर आखिरी टेस्ट में 98 रन बनाने में सफल रहते हैं, तो वह इस रिकॉर्ड को ध्वस्त कर देंगे।

**गावस्कर के ऑलटाइम रिकॉर्ड पर भी होगी निगाहें**

यशस्वी जायसवाल की निगाहें सुनील गावस्कर के ऑलटाइम रिकॉर्ड पर भी होगी। दरअसल, भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने साल 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन कूटे थे। यशस्वी अगर सीरीज के आखिरी टेस्ट में 120 रन बनाने में सफल रहते हैं, तो वह गावस्कर को पीछे छोड़ देंगे।

**ऐसा करने वाले बनेंगे पहले भारतीय बैटर**

यशस्वी जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में अपने एक हजार रन पूरे करने से महज 29 रन दूर हैं। यशस्वी धर्मशाला में अगर 29 रन बना लेते हैं, तो वह भारत की ओर से सिर्फ 9वें टेस्ट मैच में एक हजार रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। यशस्वी ने अब तक 15 पारियों में 971 रन ठोके हैं।

# 2 हजार के नोट पर बड़ा अपडेट RBI ने बताया कितने नोट अभी बैंक में वापस आने हैं

**RBI ने 19 मई 2023 में 2000 रुपये के नोट को बंद करके चलन से बाहर कर दिया था। यह फैसला क्लीन नोट पॉलिसी के तहत लिया गया था। इस नोट को बदलने के लिए 7 अक्टूबर 2023 तक की मोहलत की दी गई थी जो देश के सभी बैंकों की शाखाओं में उपलब्ध थी। रिजर्व बैंक ने अब 2000 रुपये के नोट को लेकर बड़ा अपडेट दिया है**

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक (RBI) ने 2000 रुपये के नोट को लेकर बड़ा अपडेट दिया है, जिसे पिछले साल चलन से बाहर कर दिया गया था। केंद्रीय बैंक का कहना है कि 29 फरवरी 2024 तक 2000 रुपये के कुल 97.62 फीसदी नोट वापस आ गए हैं। अब सिस्टम में सिर्फ 8470 करोड़ की वैल्यू के 2000 रुपये के नोट मौजूद हैं। RBI ने 19 मई 2023 को ऐलान किया था कि वह देश में सबसे बड़े करेंसी नोट यानी 2000 रुपये के नोट को बंद करके सर्कुलेशन से बाहर कर रहा है। रिजर्व बैंक ने क्लीन नोट पॉलिसी के तहत यह फैसला किया था। इस नोट को बदलने के लिए 7 अक्टूबर 2023 तक की मोहलत की दी गई थी, जो देश के सभी बैंकों की शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, अब सामान्य बैंकों और दूसरी जगहों पर 2000 के नोटों को बदलने की सुविधा बंद हो गई है। अगर किसी को 2000 के नोट एक्सचेंज करने हैं, तो उसे नोटों को डाक के जरिए ऋब्ब के किसी ऑफिस में भेजना पड़ेगा।

**कब शुरू हुए थे 2000 रुपये के नोट**

रिजर्व बैंक ने 2000 के नोट को नवंबर 2016 में जारी किया था। उस वक्त सरकार ने 500 और 1000 रुपये के नोट बंद करने का फैसला किया था। 1000 रुपये का नोट उस वक्त सबसे बड़ी करेंसी थी, जिसकी जगह 2000 रुपये के नोट ने ली थी।

हालांकि, ऋब्ब ने वित्त वर्ष 2018–19 में 2000 रुपये के नोटों की छपाई भी बंद कर दी और मई 2023 में इसे चलन से बाहर कर दिया गया। अब 500 रुपये का नोट सबसे बड़ी करेंसी है।

# तमाम अड़चनों के बाद भी कैसे बढ़ रही भारत की अर्थव्यवस्था, रिजर्व बैंक ने बताया

**रिजर्व बैंक (RBI) मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी (MPC) की मेंबर आशिमा गोयल का कहना है कि तमाम मुश्किलों के बावजूद इंडियन इकोनॉमी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मशहूर अर्थशास्त्री आशिमा ने कहा कि हमारी इकोनॉमी में विविधता बढ़ रही है। हमने बेहतर नीतिगत बदलाव भी किए हैं। इन दोनों चीजों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बाहरी झटकों से बचाने में मदद की।**

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय में दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं को कई चुनौतियां सामना करना पड़ा। खासकर, रूस–यूक्रेन युद्ध और इससे उपजे ऊर्जा संकट ने यूरोपीय देशों की ग्रोथ को काफी प्रभावित किया। लेकिन, रिजर्व बैंक (ऋब्ब) मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी (स्ब्क्ष्ट) की मेंबर आशिमा गोयल का कहना है कि तमाम बाहरी दिक्कतों के बावजूद इंडियन इकोनॉमी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

हालांकि, आशिमा ने यह भी कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अपना लचीलापन बढ़ाना होगा, क्योंकि भू–राजनैतिक स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। उन्होंने देश में मुद्रास्फीति (Inflation) कम होने को अच्छी खबर बताया। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति कम तो हुई है, लेकिन यह अभी उस स्तर पर नहीं आई है, जिस पर हम इसे लाना चाहते हैं।



भारतीय अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन की वजह बताते हुए आशिमा ने कहा, हमारी इकोनॉमी में विविधता बढ़ रही है। हमने बेहतर नीतिगत बदलाव भी किए। इन दोनों चीजों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बाहरी झटकों से बचाने में मदद की।


अगले वित्त वर्ष में भी इंडियन इकोनॉमी का प्रदर्शन अच्छा रहने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक का अनुमान है कि घरेलू खपत में सुधार और निजी पूंजीगत व्यय चक्र में तेजी से वित्त वर्ष 2025–26 में जीडीपी ग्रोथ रेट 7 फीसदी रह सकती है। आशिमा ने कहा कि चूंकि भू–राजनीति नाजुक बनी हुई है, इसलिए हमें नीतिगत बदलावों से अर्थव्यवस्था को लचीला बनाए रखने में मदद करनी होगी।

पिछले दिनों RBI गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी कहा था कि मुद्रास्फीति को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर हमने पॉलिसी के मोर्चे पर कोई भी लापरवाही की, तो हमें अब तक जो भी कामयाबी मिली है, उस पर भी बट्टा लग जाएगा।

आर्थिक और सामाजिक रूप से बेहतर दक्षिणी–पश्चिमी राज्यों ने उत्तरी–पूर्वी राज्यों को %सब्सिडी% देने को गलत बताते हुए बहस शुरू की थी। इससे जुड़े सवाल का जवाब देते हुए मशहूर अर्थशास्त्री गोयल ने कहा कि इस तरह की सब्सिडी देना राजकोषीय महासंघ के कामकाज का हिस्सा है। इसकी दिशा अतीत में अलग थी और भविष्य में भी फिर बदल जाएगी, क्योंकि बाकी राज्य भी विकसित होंगे।

आशिमा से पूछा गया कि ग्रामीण मजदूरी के मुद्रास्फीति के हिसाब से बढ़ाने की बात कही गई थी, लेकिन पिछले एक दशक में इसमें बमुश्किल कोई इजाफा हुई है। इस पर उन्होंने कहा कि कई ग्रामीण मजदूर परिवारों को मुफ्त भोजन समेत कई अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता है, इस हिसाब से उनकी मजदूरी में बढ़ोतरी मुद्रास्फीति से भी ज्यादा हुई है।

# Mahashivratri 2024: कालसर्प दोष का होगा निवारण, महाशिवरात्रि के दिन करें यह अचूक उपाय




**इस साल महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जाएगी। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन मां पार्वती और महादेव का विवाह हुआ था। ऐसा माना जाता है यह दिन इतना ज्यादा खास होता है कि अगर इस दिन कोई उपाय किया जाए तो उसका असर तुरंत देखने को मिलता है। ऐसे में जिन लोगों की कुंडली में कालसर्प दोष है उन्हें महाशिवरात्रि के दिन यहां दिए गए उपाय को करना चाहिए।**

**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि हिंदुओं के बीच विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह भगवान शिव को समर्पित है, जो सनातन धर्म के प्रमुख देवताओं में से एक हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जाएगी।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह हुआ था।

ऐसा कहा जाता है यह दिन इतना ज्यादा शुभ होता है कि अगर इस दिन कोई उपाय किया जाए, तो उसका असर तुरंत दिखता है। ऐसे में जिन लोगों की कुंडली में कालसर्प दोष है उन्हें महाशिवरात्रि के दिन यहां दिए गए उपाय को जरूर करना चाहिए।

**कालसर्प दोष निवारण उपाय**

अगर आप कालसर्प दोष से परेशान हैं, तो आपको महाशिवरात्रि के दिन अपनी क्षमता के अनुसार, चांदी या तांबे के नाग नागिन के जोड़े को किसी मंदिर या फिर बहते हुए जल में प्रवाह कर दें।

ऐसा करने आपको कालसर्प दोष से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही जीवन की तमाम समस्याओं से छुटकारा मिलता है। लेकिन इस उपाय करने से पहले सुबह पवित्र स्नान करें।

स्नान के पानी में काले तिल जरूर मिलाएं।

इसके बाद विधि अनुसार शिव पूजन करें और फिर उस नाग नागिन के जोड़े को भगवान शिव को चढ़ाएं। और भगवान भोलेनाथ से अपने दोष निवारण के लिए भावपूर्ण प्रार्थना करें। इससे आपको राहत मिलेगी।

# महाशिवरात्रि पर रामनाथस्वामी मंदिर की करें यात्रा, हर मनोकामनाएं होंगी पूरी

**रामनाथस्वामी मंदिर तमिलनाडु के रामेश्वरम के रामनाथपुरम जिले में स्थित है। यह 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक है। महाशिवरात्रि के अवसर पर इस मंदिर में अधिक भीड़ देखने को मिलती है। इस पर्व पर मंदिर को बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया जाता है। मान्यता है कि मंदिर में पूजा और दर्शन करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है।**

**नई दिल्ली।** Ramanathaswamy Temple: सनातन धर्म में महाशिवरात्रि के पर्व को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। शिव भक्त बेसब्री से इस त्योहार के आने का इंतजार करते हैं। हर साल फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है।

इस बार महाशिवरात्रि 08 मार्च को है। इस अवसर पर भक्त मंदिर में जाकर भगवान शिव की विशेष पूजा–अर्चना करते हैं। अगर आप भी महाशिवरात्रि के दिन किसी मंदिर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो इस लेख में हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताएंगे, जहां पूजा और दर्शन करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। आइए जानते हैं मंदिर के बारे में विस्तार से।

**रामनाथस्वामी मंदिर**



रामनाथस्वामी मंदिर तमिलनाडु के रामेश्वरम के रामनाथपुरम जिले में स्थित है। यह 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक है। महाशिवरात्रि के अवसर पर इस मंदिर में अधिक भीड़ देखने को मिलती है।

इस पर्व पर मंदिर को बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया जाता है। मंदिर को पवित्र धार्मिक स्थल के रूप में माना गया है। मंदिर को रामेश्वरम मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

**ये है मान्यता**

रामनाथस्वामी मंदिर में भगवान राम, माता सीता और भगवान लक्ष्मण की मूर्ति स्थापित है। मान्यता है कि इस मंदिर में पूजा और दर्शन करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**मंदिर की वास्तुकला**

इस मंदिर की वास्तुकला बेहद शानदार है। मंदिर का निर्माण करीब 1200 मीटर के चकोर क्षेत्रफल पर हुआ है। मंदिर में एंट्री करने के लिए चार दरवाजे बने हुए है और सभी द्वार पर गोपुरम बना हुआ है। इस मंदिर की वास्तुकला लोगों को आकर्षित करती है।

**मंदिर घूमने का समय**

अगर आप रामनाथस्वामी मंदिर घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो सुबह 7 बजे से 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से लेकर रात में 9 बजे तक खुला रहता है। इस समय के दौरान आप मंदिर में पूजा और दर्शन कर सकते हैं।

**पानी बचाएं**
**जीवन बचाएं**

# पीएफएमएस से 34 लाख करोड़ रुपये की डीबीटी की सुविधा मिली- सीतारमण

**सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ( पीएफएमएस ) ने 34 लाख करोड़ रुपये के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ( डीबीटी ) की सुविधा दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 48वें नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर लेखा महानियंत्रक ( सीजीए ) और भारतीय नागरिक लेखा संगठन ( आइसीएओ ) को एक लिखित संदेश में कहा कि पीएफएमएस एक मजबूत भुगतान और लेखा नेटवर्क के साथ ही कुशल कोष प्रवाह प्रणाली स्थापित करने की आधारशिला रहा है।**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) ने 34 लाख करोड़ रुपये के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) की सुविधा दी है। उन्होंने लेखा अधिकारियों से प्रणाली की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए भी कहा। सीतारमण ने 48वें नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर लेखा महानियंत्रक (सीजीए) और भारतीय नागरिक लेखा संगठन (आइसीएओ) को एक लिखित संदेश में कहा कि पीएफएमएस एक मजबूत भुगतान और लेखा नेटवर्क के साथ ही कुशल कोष प्रवाह प्रणाली स्थापित करने की आधारशिला रहा है।

**क्या है पीएफएमएस ?**

पीएफएमएस एक प्रबंधन सूचना प्रणाली है, जिसका इस्तेमाल भारतीय नागरिक लेखा सेवा के अधिकारी सरकार के खातों को संभालने के लिए करते हैं। इसका इस्तेमाल डीबीटी के जरिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी खातों में धनराशि स्थानांतरित करने के लिए भी किया जाता है। संदेश को वित्त सचिव टी वी सोमनाथन ने पढ़ा। सीतारमण ने अपने संदेश में कहा कि पीएफएमएस के माध्यम से सुगम डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से सरकार को 34 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण हुआ है। यह अक्षमताओं को दूर करने और यह सुनिश्चित करने में प्रणाली की प्रभावशीलता का एक प्रमाण है कि लाभ बिना किसी रिसाव के सीधे नागरिकों तक पहुंचाया जाए।

**वित्तीय प्रशासन में क्रांति**

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि राज्य सरकारों सहित 1,081 विभिन्न योजनाओं को डीबीटी में निर्बाध रूप से एकीकृत किया गया है। पीएफएमएस, जिसे व्यय विभाग के



तहत लेखा महानियंत्रक( कंट्रोलर द्वारा विकसित और कार्यान्वित किया गया है, ने सरकार के वित्तीय प्रशासन में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीतारमण ने कहा कि इसने न केवल वास्तविक समय, विश्वसनीय और सार्थक प्रबंधन सूचना प्रणाली की सुविधा प्रदान की है, बल्कि अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन–केंद्रित शासन का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

# NZ vs AUS: ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र के धांसू प्रदर्शन के बावजूद ड्राइविंग सीट पर ऑस्ट्रेलिया, कीवियों को करना होगा करिश्मा



**न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट जीतने के लिए 258 रन की दरकार है जबकि उसके सात विकेट शेष हैं। कीवी टीम मैच में 369 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी। ग्लेन फिलिप्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी केवल 164 रन पर ऑलआउट करने में अहम भूमिका निभाई।**

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड को अगर ऑस्ट्रेलिया को वेलिंगटन टेस्ट में मात देना है तो उसे इतिहास रचना होगा। कीवी टीम को टेस्ट क्रिकेट में अपने सबसे बड़े लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करना होगा ताकि सीरीज में 1–0 की बढ़त बना सके। न्यूजीलैंड ने केवल दो बार 300 से ज्यादा का लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट में हासिल किया है, जिसमें से एक 1994 में क्राइस्टचर्च में पाकिस्तान के खिलाफ आया था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में न्यूजीलैंड को पूरी तरह मैच से बाहर नहीं माना जा सकता है। मेजबान टीम 369 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही है और तीसरे दिन स्टंप्स तक उसने 41 ओवर में 3 विकेट खोकर 111 रन बना लिए हैं।

**न्यूजीलैंड के पास इतिहास रचने का मौका**

न्यूजीलैंड को पहला टेस्ट जीतने के लिए 258 रन की दरकार है जबकि उसके सात विकेट शेष हैं। रचिन रवींद्र और डैरिल मिचेल के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। इस जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए स्टंप्स तक 52 रन की अविजित साझेदारी की।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के 59 रन पर तीन विकेट गिरा दिए थे। पहली पारी में बिना खाता खोले आउट होने वाले रवींद्र ने दूसरी पारी में सुधार किया और 56 रन बनाकर नाबाद रहे।वहीं, मिचेल ने जरा भी जोखिम नहीं उठाना ठीक समझा और रवींद्र का साथ निभाने पर विश्वास रखा।

नाथन लियोन ने टॉम लैथम (8) और केन विलियमसन (9) के विकेट लेकर न्यूजीलैंड पर दबाव बनाया। ट्रेविस हेड ने विल यंग (15) को अपना शिकार बनाया। फिर रवींद्र–मिचेल की जोड़ी ने मेजबान टीम की उम्मीदों में जान फूंकी और उसे मैच में बनाए रखा।

**ग्लेन फिलिप्स की घातक गेंदबाजी**

पहली पारी में 204 की बढ़त का बोझ अपने ऊपर लेने वाली न्यूजीलैंड की टीम परेशानी से जूझ रही थी। मगर फिर ग्लेन फिलिप्स ने निर्णय किया कि उनकी टीम मैच में बनी रहे। ने 16 ओवर में 4 मेडन सहित 45 रन देकर पांच विकेट झटके।

फिलिप्स 2008 में जीतन पटेल के बाद पहले कीवी स्पिनर बने, जिन्होंने घरेलू जमीन पर एक पारी में पांच विकेट चटकाए।यह पहला मौका रहा जब ग्लेन फिलिप्स ने एक पारी में पांच विकेट लिए। उनके इस शानदार स्पेल की बदौलत न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में केवल 164 रन पर समेट दिया। मैट हेनरी ने तीन विकेट लिए जबकि कप्तान टिम साउथी के खाते में दो विकेट आए।

# IVPL: नमन ने बल्ले से गदर मचाते हुए जड़ा तूफानी शतक, सहवाग की टीम पर भारी पड़े परेरा के धुरंधर; 8 विकेट से दी करारी शिकस्त



**मुंबई चैंपियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान वीरेंद्र सहवाग और फिल मस्टर्ड की आतिशी शुरुआत की। दोनों पहले विकेट के लिए 9 ओवर में 88 रन साझेदारी की। हालांकि राजस्थान लीजेंड्स की ओर से अभिषेक झुनझुनवाला ने टीम की शानदार वापसी कराई। पहले विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे मस्टर्ड को पवेलियन भेजा और 2 ओवर के भीतर ही वीरेंद्र सहवाग को भी आउट कर दिया।**

**नई दिल्ली।** इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (IVPL) के 14वें मुकाबले में राजस्थान लीजेंड्स ने मुंबई चैंपियंस को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। राजस्थान के सलामी बल्लेबाज नमन शर्मा ने 61 गेंद पर नाबाद 148 रन की पारी खेली। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए थे।

राजस्थान ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुंबई चैंपियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान वीरेंद्र सहवाग और फिल मस्टर्ड की आतिशी शुरुआत की। दोनों पहले विकेट के लिए 9 ओवर में 88 रन साझेदारी की। हालांकि, राजस्थान लीजेंड्स की ओर से अभिषेक झुनझुनवाला ने टीम की शानदार वापसी कराई। पहले विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे मस्टर्ड को पवेलियन भेजा और 2 ओवर के भीतर ही वीरेंद्र सहवाग को भी आउट कर दिया।

**पीटर ट्रेगो ने 28 गेंद पर खेली तूफानी पारी**

दोनों सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौट जाने के बाद मुंबई चैंपियंस की टीम की तरफ से पीटर ट्रेगो ने 9 चौके और 5 छक्के की मदद से 28 गेंद पर 77 रन की बेहतरीन पारी खेली।

रजत सिंह ने भी अंत में आकर अपने हाथ खोलते हुए 23 गेंद पर 47 रन जड़ दिए। इसके चलते मुंबई पहले बल्लेबाजी करते हुए 224/3 रन बनाने में कामयाब रही थी।

**परेरा और नमन के बीच हुई नाबाद साझेदारी**

लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान लीजेंड्स के सलामी बल्लेबाज नमन शर्मा और सतीश जैन ने भी टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। नमन शर्मा जहां छक्के–चौके उड़ा रहे थे तो वहीं, सतीश जैन भी उनका बखूबी साथ निभा रहे थे। 9वें ओवर में जाकर मुंबई चैंपियंस को सतीश जैन के रूप में पहली सफलता मिली थी। जबकि अगले ही ओवर में उन्होंने एस प्रसन्ना का विकेट भी गंवा दिया।

**पांच गेंद पहले मिली सफलता**

एक के बाद एक दो जल्दी विकेट गंवाने के बाद भी नमन शर्मा का बल्ला नहीं रुका। उन्होंने एंजेलो परेरा के साथ मिलकर नाबाद 144 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की। परेरा ने भी नमन का साथ देते हुए विस्फोटक बल्लेबाजी की और अपनी पारी में 5 चौके और 5 छक्के लगाए। दोनों ने मिलकर पांच गेंद पहले ही मैच समाप्त कर दिया।

# IPL 2024: लखनऊ सुपरजायंट्स ने लांस क्लूजनर को दी बड़ी जिम्मेदारी, आईपीएल में दूसरी बार करेंगे ये काम

**लखनऊ सुपरजायंट्स ( एलएसजी ) ने आईपीएल के आगामी सत्र के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आलराउंडर लांस क्लूजनर को सहायक कोच के रूप में जोड़ा है। लांस क्लूजनर लखनऊ की टीम में मुख्य कोच जस्टिन लेंगर और सहायक कोच एस. श्रीराम के साथ शामिल होंगे। आईपीएल में कोच के रूप में लांस क्लूजनर का यह दूसरा कार्यकाल होगा। क्लूजनर का कोचिंग काल जानें अब तक कैसा रहा।**

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल के आगामी सत्र के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आलराउंडर लांस क्लूजनर को सहायक कोच के रूप में जोड़ा है। क्लूजनर लखनऊ की टीम में मुख्य कोच जस्टिन लेंगर और सहायक कोच एस. श्रीराम के साथ शामिल होंगे।


आईपीएल में कोच के रूप में क्लूजनर का यह दूसरा कार्यकाल होगा। उन्होंने लीग के शुरुआती वर्षों में मुंबई इंडियंस में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शान पोलाक के सहायक के रूप में काम किया था। क्लूजनर के नेतृत्व में गयाना अमेजान वॉरियर्स ने पिछले साल अपना पहला सीपीएल का खिताब जीता था।

क्लूजनर आईपीएल में वेस्टइंडीज के नई पेस सनसनी शमार जोसेफ के साथ फिर से जुड़ेंगे। दोनों दिग्गजों ने सीपीएल में अमेजान वॉरियर्स में एक साथ काम किया है। इसके अलावा



क्लूजनर अफगानिस्तान के मुख्य कोच और दक्षिण अफ्रीका एवं जिंबाब्वे के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। उन्होंने भारतीय घरेलू सर्किट में त्रिपुरा के साथ भी काम किया है।

दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने 1996 से 2004 तक अपने देश के लिए 49 टेस्ट और 171 वनडे मैच खेले हैं। लखनऊ की टीम आईपीएल में 24 मार्च को जयपुर में राजस्थान रायल्स के विरुद्ध अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



# सिर्फ चटनी ही नहीं, सलाद और सूप बनाकर भी खाते हैं चींटियां, जानें विदेशों में मिलने वाले इसके अजीबोगरीब व्यंजन



**ओडिशा की लाल चींटी चटनी को हाल ही में जीआई टैग मिला है। यह चटनी छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी खाई जाती है। भारत के अलावा दुनिया के अन्य देशों में भी लाल चींटियों से कई अजीबोगरीब व्यंजन बनाए जाते हैं। कहीं चींटियों की चटनी बनाई जाती है तो कहीं इसका सूप और सलाद बनाकर खाया जाता है। आइए जानते हैं दुनिया में मिलने वाले इसके अन्य व्यंजन**

**नई दिल्ली।** हाल ही में जीआई टैग हासिल करने के बाद से ही एंट चटनी यानी चींटी की चटनी चर्चाओं में बनी हुई है। बीते महीने ही ओडिशा में खाई जाने वाली लाल चींटी की चटनी को जिओग्राफिक इंडिकेशन (जीआई) टैग मिला है। यह चटनी ओडिशा के अलावा छत्तीसगढ़ और झारखंड के कुछ हिस्सों में भी बड़े चाव से खाई जाती है। जैसाकि नाम से ही पता चलता है इस चटनी को बनाने के लिए प्राथमिक सामग्री के रूप में लाल चींटियों का इस्तेमाल किया जाता है।

**क्यों खाई जाती हैं चींटियां?**

कीड़े खाने का विचार (जिसे एंटोमोफैगी कहा जाता है) कई लोगों के लिए असामान्य या नया होलग सकता है, लेकिन यह दुनिया के कई हिस्सों में एक आम बात है। चींटियां, इन्हीं में से एक है, जो विशेष रूप से प्रोटीन के स्त्रोत के रूप में काम करती हैं और फाइबर, विटामिन और कॉपर, जिंक, मैग्नीशियम, पोटेशियम और फास्फोरस जैसे मिनरल भी प्रदान करती हैं। ओडिशा की सिमिलिपाल काई चटनी ओडिशा में बनाई जाने वाली चींटी की चटनी को सिमिलिपाल काई चटनी के नाम से जाना जाता है। इसे बनाने के लिए खासतौर लाल चींटियों का इस्तेमाल किया जाता है, जिसे हाल ही में जीआई टैग मिला है। इसे बनाने के लिए अदरक, लहसुन, धनिया पत्ती, इलायची, इमली और नमक का इस्तेमाल किया जाता है। इसके बनाने के लिए सबसे पहले चींटियों और उनके अंडों को सुखाया जाता है।

**छत्तीसगढ़ में चपड़ा चटनी**

वहीं, छत्तीसगढ़ में लाल चींटी की चटनी को चपड़ा चटनी कहा जाता है। यह पारंपरिक रूप से सिल बट्टा का उपयोग कर तैयार की जाती है और इसका स्वाद खट्टा होता है। इसे बनाने के लिए चींटियों को उनके अंडों के साथ अच्छी तरह से पीसकर विभिन्न प्रकार के स्थानीय मसालों खासकर गर्म मिर्च और नमक के साथ मिलाया जाता है। हालांकि, इसे बनाने के लिए चींटियों को इकट्ठा करने का तरीका काफी मुश्किल और दर्दनाक होता है। चटनी बनाने के लिए चींटियों को इकट्ठा करने के दौरान नर चींटियां अंडे देने वाली मादा चींटियों की रक्षा करने के लिए कई बार हमला कर देते हैं और काट लेते हैं। सिर्फ भारत ही नहीं, विदेशों में भी चींटियों का इस्तेमाल खाने के लिए किया जाता है। भारत में जहां इससे चटनी बनाई जाती हैं, तो वहीं अन्य देशों में इससे कई विभिन्न व्यंजन बनाए जाते हैं। आइए जानते हैं विदेशों में किस तरह खाई जाती हैं चींटियां-

**लाओस में चींटी के अंडे का सूप**

लाओस में चींटी के अंडों का उपयोग विभिन्न प्रकार के व्यंजनों जैसे सलाद और सूप को बनाने के लिए किया जाता है। आपको जानकार हैरानी होगी, लेकिन चींटी के अंडे का सूप लाओस के प्रसिद्ध व्यंजनों में से एक है। इसमें विभिन्न सब्जियों और जड़ी-बूटियों के साथ चींटी के अंडे मिलाए जाते हैं। थाईलैंड में भी इस व्यंजन को बड़े शौक से खाया जाता है। सूप के अलावा, लाओस में ऑमलेट और सलाद के लिए चींटी के अंडे का भी इस्तेमाल करते हैं।

**थाईलैंड में चींटी का सलाद**

थाईलैंड में भी चींटी को खाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यहां चींटी के अंडे डिब्बे में बेचे जाते हैं। इतना ही नहीं इन्हें एक बेशकीमती मौसमी सामग्री माना जाता है। यहां चींटियों के अंडों को खाई मोट डेंग कहा जाता है, जिन्हें लाल चींटियों के घोंसलों से प्राप्त किया जाता है और इन्हें विभिन्न व्यंजनों में पकाया जाता है। यहां पर चींटी के अंडे आमतौर पर स्थानीय जड़ी-बूटियों और सब्जियों के साथ तले जाते हैं। अंडों के अलावा, खुद लाल चींटियों का उपयोग सोम टैम काई मॉड डेंग, एक मसालेदार कच्चे पपीते के सलाद जैसे व्यंजनों को बनाने के लिए भी किया जाता है।

**कोलम्बिया में चींटियों का ब्रेकफास्ट**

कोलंबिया में चींटियों को नाश्ते के रूप में खाया जाता है। यह कुछ-कुछ मूंगफली जैसा होता है। इन्हें या तो तला जाता है या भूना और फिर नमक डालकर खाया जाता है। इसे बनाने के लिए हेवी बॉटम लीफ कटर एंट या हॉर्मिगास कुलोनस का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें आमतौर पर मादा का उपयोग किया जाता है। ये चींटियां आम चींटियों की तुलना में बड़ी और भूरे या लाल रंग की होती हैं। सबसे पहले चींटियों के पंख, सिर और पैर को हटाया जाता है और फिर भूनकर तैयार किया जाता है।

**ब्राजील में रोस्टेड चींटियां**

ब्राजील में भी चींटियां खाई जाती हैं। रानी चींटियों को भूनकर खाने की परंपरा देश के कई हिस्सों में है। इसके लिए पहले चींटियों के पैर और पंख हटा दिए जाते हैं। फिर इन्हें नमकीन पानी में भिगोया जाता है और फिर मसालों के साथ भून लिया जाता है।

**ऑस्ट्रेलिया में गार्निशिंग के लिए चींटियाँ**

ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में, लोग हरी चींटियों को उनके खट्टे स्वाद के कारण व्यंजनों को गार्निश करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। हनी पॉट चींटी ऑस्ट्रेलियाई स्वदेशी संस्कृतियों के बीच एक पारंपरिक फूड सोर्स भी है। चींटी का मोटा और मीठे रस से भरा हुआ पेट अपने आप में एक स्वादिष्ट व्यंजन माना जाता है या व्यंजनों में शामिल किया जाता है।

# इम्युनिटी बूस्ट करने के लिए बेहद जरूरी है Zinc, इन फूड आइटम्स से करें इसकी कमी दूर

**हमारे शरीर में मौजूद सभी पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। Zinc इन्हीं जरूरी पोषक तत्वों में से एक है हमारी इम्युनिटी बूस्ट करने में मदद करता है। ऐसे में जरूरी है कि आपकी डाइट में जिंक पर्याप्त मात्रा में शामिल हो क्योंकि शरीर में इसकी कमी कई समस्याओं की वजह बन सकती है। आप इन फूड्स से इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** सेहतमंद रहने के लिए शरीर में सभी पोषक तत्वों का होना बेहद जरूरी है। ये सभी पोषत तत्व हमारे शरीर में कई अहम कार्य करते हैं। जिंक इन्हीं जरूरी सप्लीमेंट्स में से एक है, जो इम्युनिटी बूस्ट करने में मदद करता है। इसके सेवन से आपकी इम्युनिटी को काफी हद तक मजबूत किया जा सकता है।

कम ही सही लेकिन रोजाना इसका सेवन स्वस्थ शरीर के लिए बहुत जरूरी है। ये स्किन, बालों और आंखों के स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाने में मदद करता है। प्रेग्नेंसी में, घाव भरने के लिए, बच्चों के विकास और युवाओं में जरूरी पोषण के लिए जिंक का डेली डाइट में शामिल होना जरूरी है। अगर समय रहते इसकी कमी को पूरा नहीं किया गया, तो स्वास्थ्य संबंधित गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है इसका नियमित मात्रा में सेवन आपको जिंक की कभी कमी नहीं होने देता। ऐसे में आज इस आर्टिकल में जानेंगे जिंक से भरपूर कुछ ऐसे फूड्स, जो आपके शरीर में कभी जिंक की कमी नहीं होने देंगे।

**बैरीज**

बैरीज में काफी मात्रा में जिंक पाया जाता है, जो हमारे शरीर में कभी जिंक की कमी नहीं होने देते। ऐसे में आप जिंक की पूर्ति के लिए ब्लूबेरी, रास्पबेरी को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**चना**

चना जिंक का बेहतरीन सोर्स है। सफेद चने में ज्यादा जिंक होता है, इसलिए इसका सेवन ज्यादा सेहतमंद होता है।

**नट्स और सीड्स**

ड्राई फ्रूट्स जैसे काजू, किशमिश, बादाम, अखरोट, कद्दू के बीच, सूरजमुखी के बीच और तिल में भरपूर मात्रा में जिंक पाया जाता है। आप इनको भी अपनी डेली डाइट में शामिल कर जिंक की कमी दूर कर सकते हैं।

**तरबूज के बीज**

तरबूज का बीज जिंक का अच्छा स्त्रोत है। जिंक के अलावा इसमें पोटेशियम और कॉपर होता है, जो कि हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इसलिए इसका हफ्ते में दो से तीन बार चम्मच सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है।

**अंडा**

अंडा कई तरीकों से सेहत के लिए फायदेमंद होता है। प्रोटीन के साथ-साथ इसे खाने से शरीर में जिंक की कमी को भी दूर किया जा सकता है। एक अंडे में लगभग 5व्व जिंक होता है।

**दही**

दही में मौजूद बैक्टीरिया आंतो की सफाई करता है और साथ ही साथ शरीर में जिंक की कमी को भी पूरा करता है। इसलिए इसे भी डेली रूटीन में जरूर शामिल करें।

**मछलियां**

मछलियां जिंक का सबसे अच्छा सोर्स होती हैं। इसलिए इसका हफ्ते में दो बार सेवन करना फायदेमं साबित होगा।

Save Water
Save Life

# पोषक तत्वों का भंडार है संतरा, रोजाना नाश्ते में खाने से मिलेंगे ये जबरदस्त फायदे

**फल हमारी सेहत के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। यही वजह है कि डॉक्टर्स भी सभी को फल खाने की सलाह देते हैं। संतरा (Oranges Benefits) इन्हीं फलों में से एक है जिसे खाने से सेहत को ढेरों फायदे मिलते हैं। इसे अपनी डाइट में शामिल करने से कई समस्याओं से राहत मिलती हैं। आइए जानते हैं रोजाना इसे खाने के कुछ फायदे**




**नई दिल्ली।** संतरा (Oranges Benefits) एक ऐसा फल, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा पाया जाता है और लोग इसे बड़े चाव से खाते हैं। शायद ही कोई ऐसा हो, जिसे संतरा पसंद नहीं। पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से यह सेहत को ढेरों फायदे पहुंचाता है। इसमें विटामिन ए और सी, प्रोटीन, शुगर, पोटेशियम, मैग्नीशियम समेत कई न्यूट्रिशन्स शामिल हैं। अपने इन्हीं पोषक तत्वों की वजह से यह सुबह खाली पेट यानी सुबह नाश्ते में खाने के लिए सबसे अच्छा है। आइए जानते हैं रोजाना संतरे खाने के कुछ फायदे-

**ब्लड प्रेशर कम करे**

संतरे विटामिन बी6 से भरपूर होते हैं, जो हीमोग्लोबिन के प्रोडक्शन में मदद करते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद मैग्नीशियम हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी मदद करता है।

**दिल के लिए फायदेमंद**

संतरे में पाए जाने वाले विभिन्न पोषक तत्व और प्लांट कंपाउंड, जैसे विटामिन सी, फ्लेवोनोइड और कैरोटीनॉयड, हार्ट हेल्थ को बढ़ावा देने और हार्ट डिजीज के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**इम्युनिटी मजबूत करे**

अक्सर इम्युनिटी कमजोर होने की वजह से कई तरह वायरस और बैक्टीरिया हमें अपना शिकार बना लेते हैं। ऐसे में अगर आप खुद को इन सबसे से सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो संतरा जरूर खाएं। इसमें मौजूद विटामिन सी एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो व्हाइट ब्लड सेल्स के कार्य में सुधार करके इम्युनिटी को मजबूत करने में मदद करता है।

**आंखों के लिए गुणकारी**

संतरा कैरोटीनॉयड से भरपूर होता है। इनमें मौजूद विटामिन ए आंखों में म्यूकस मेम्ब्रेन को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

**ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करे**

संतरे में मौजूद फाइबर ब्लड शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए इसे एक स्वस्थ और टेस्टी विकल्प बनाता है। इसके अलावा, संतरे में फ्रूक्टोज जैसी सिंपल शुगर होती है, जो शरीर में ब्वलड शुगर के स्तर को स्थिर करती है।

**त्वचा के लिए फायदेमंद**

संतरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को होने वाले नुकसान से बचाते हैं। यह हमारी स्किन को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं, जो उम्र बढ़ने के लक्षणों का कारण माना जाता है। साथ ही यह कोलेजन के प्रोडक्शन में भी मदद करता है।

# जिस महल में हुई थी भूल भुलैया की शूटिंग, वहां सात फेरे लेंगी सुरभि चंदना, वेन्यू पर हुआ जोरदार स्वागत



**नई दिल्ली।** Surbhi Chandna Wedding: मानसी श्रीवास्तव, श्रेणु पारिख और नेहालक्ष्मी अय्यर के बाद अब इश्कबाज की चौथी एक्ट्रेस सुरभि चंदना की शादी होने जा रही है। सुरभि काफी समय से अपनी शादी को लेकर लाइमलाइट में हैं। सुरभि चंदना ने जिस घड़ी अपनी शादी की अनाउंसमेंट की, तभी से वह सुर्खियां बटोर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपने मंगेतर करण शर्मा के साथ रोमांटिक फोटोज शेयर करना हो या फिर दोस्तों के साथ बैचलरेट पार्टी एन्जॉय करना हो, सुरभि हेडलाइंस में बनी हुई हैं। फाइनली अब वह शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं।

**शादी के लिए जयपुर पहुंचीं सुरभि**

सुरभि चंदना और करण शर्मा की शादी की रस्में 1 मार्च से शुरू होंगी और 2 मार्च को दोनों सात फेरे लेने जा रहे हैं। कपल जयपुर में शादी करने वाला है। 29 फरवरी 2024 को सुरभि अपनी फैमिली के साथ मुंबई से जयपुर के लिए रवाना हो गई थीं। जयपुर पहुंचते ही एक्ट्रेस का उनके वेडिंग वेन्यू में स्वागत किया गया।

**फूलों की माला से सुरभि का स्वागत**

सुरभि चंदना जयपुर के पास चोमू जिला के चोमू पैलेस होटल में शादी के बंधन में बंधेंगी। अभिनेत्री गुरुवार को ही फैमिली के साथ पैलेस पहुंच गईं। इंस्टैंट बॉलीवुड ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो भी शेयर किया है। क्लिप में देखा जा सकता है कि वेडिंग वेन्यू में होने वाली दुल्हन का फूलों की माला और टीका के साथ स्वागत किया गया। सुरभि के अलावा उनकी फैमिली का भी ग्रैंड वेलकम हुआ। बता दें कि इसी पैलेस में साल 2007 में रिलीज हुई अक्षय कुमार और विद्या बालन स्टारर फिल्म भूल भुलैया की शूटिंग हुई थी।

**मेहंदी सेरेमनी से शुरू होगा फंक्शन**

सुरभि चंदना की शादी की रस्में मेहंदी फंक्शन से शुरू होगा। इश्कबाज के को-स्टार्स सुरभि की शादी के लिए बेहद एक्साइटेड हैं।

मानसी श्रीवास्तव ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने पति, श्रेणु पारिख, कुणाल जयसिंह और बाकी दोस्तों के साथ फोटो शेयर कर कहा कि वे सुरभि और करण की शादी में धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, दूल्हा-दुल्हन के लिए रॉक एंड रोल करने के लिए तैयार हैं।

# आपकी वेट लॉस जर्नी में रास्ते का कांटा बन रही है शुगर क्रेविंग, तो इन फूड आइटम्स से करें इसे शांत




**नई दिल्ली।** इन दिनों तेजी से बदल रही लाइफस्टाइल लोगों को कई स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार बना रही हैं। मोटापा इन्हीं समस्याओं में से एक है, जिससे आजकल हर दूसरा इंसान परेशान है।

दुनियाभर में मोटापे के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, जिसे लेकर खुद वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) भी चेतावनी जारी कर चुका है।

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मोटापे से टाइप 2 डायबिटीज और हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ सकता है।

साथ ही यह हड्डियों के स्वास्थ्य और प्रजनन क्षमता को भी प्रभावित कर सकता है। इससे कुछ कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 में, दुनिया में 8 में से 1 व्यक्ति मोटापे के साथ जी रहा था।

ऐसे में अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल करना बेहद जरूरी है। इन दिनों लोग अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल में रखने के लिए कई उपाय अपनाते हैं। डाइटिंग इन्हीं में से एक है, जो अक्सर काफी मुश्किल साबित होता है, खासकर जब आप मीठा खाने के शौकीन हैं।

ऐसे में मीठा खाने की क्रेविंग्स को रोक पाना भी काफी मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी इन दिनों अपनी वेट लॉस जर्नी पर हैं और आपको अक्सर मीठा खाने की क्रेविंग्स होती हैं, तो इन फूड्स से अपनी इस क्रेविंग्स को कंट्रोल कर सकते हैं।

**डार्क चॉकलेट**

डार्क चॉकलेट पॉलीफेनोल्स नामक हेल्दी प्लांट कंपाउंड प्रदान करता है, जो पूरे स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। यह भूख को शांत करने में भी मदद करता है और मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा देता है।

**खजूर**

खजूर बेहद पौष्टिक ड्राई फ्रूट्स होते हैं, जो प्राकृतिक रूप से मीठे होते हैं। इनमें फाइबर, पोटेशियम और आयरन की भारी मात्रा पाई जाती है और ये वजन घटाने में भी मदद करते हैं।

**शकरकंद**

शकरकंद, जिसे स्वीट पोटैटो भी कहा जाता है, फाइबर से भरपूर होता है। यह मीठा खाने की आपकी क्रेविंग्स को शांत करता है और वजन घटाने में भी आपकी मदद करता है।

**बैरीज**

स्ट्रॉबेरी, रास्पबेरी और ब्लैकबेरी जैसी बैरीज प्राकृतिक रूप से मीठे होती हैं। इनमें कैलोरी कम और फाइबर ज्यादा होता है, जो वजन घटाने में मदद करता है।

**योगार्ट**

येगार्ट आपकी शुगर क्रेविंग्स को कम करने का एक बढ़िया विकल्प है। यह प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर एक हेल्दी ब्रेकफास्ट है। यह भूख को शांत करने में मदद करता है

# पिग्मेंटेशन से लेकर पिंपल्स तक, त्वचा से जुड़ी इन समस्याओं में फायदेमंद है केसर




**नई दिल्ली।** केसर न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि यह हमारी स्किन के लिए भी प्रकृति का दिया हुआ वरदान है। इससे न सिर्फ स्किन संबंधित बहुत सारी परेशानियों को दूर किया जाता है, बल्कि स्किन को ग्लोइंग टोन्ड,रिंकल और पिंपल फ्री बनाए रखने में भी मदद मिलती है। केसर की खेती बहुत ही सीमित क्षेत्रों में की जाती है। ये जम्मू के किश्तवाड़ जिले में और कश्मीर के पंपोर जिले ही उगाई जाती है।

**अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाए**

सूरज की हानिकारक किरणों के संपर्क में आने से हमारे चेहरे को ऑक्सीडेटिव तनाव से गुजरना पड़ता है, जिसकी वजह से हमारी स्किन पर फाइन लाइन्स, झुर्रियां, स्किन की उम्र बढ़ने जैसी प्रॉब्लम होने लगती है। ऐसे में केसर में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट इन यूवी किरणों के खिलाफ लड़ाई लड़ते हैं और हमारी स्किन को सूर्य की किरणों के प्रभाव से बचाते हैं।

**पिंपल्स को ठीक करे**

केसर एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेंट्री युक्त होने के साथ ही हमारी स्किन को पिंपल फ्री बनाए रखने में भी मदद करता है। ये मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया को अंदर ही खत्म कर देता है।

**चेहरे को ग्लोइंग बनाए**

केसर वाले दूध में कॉटन बॉल डालकर इससे चेहरे की सफाई करने से चेहरे में चमक आती है। इससे आपका चेहरा बेदाग होता है और इसे निखार मिलता है, जो नेचुरल होता है।

**खरोंच के निशान ठीक करे**

चेहरे पर पड़ने वाले मामूली खरोंच के निशान को केसर ठीक करता है। इतना ही नहीं यह अन्य किसी तरह के घावों को भरने में भी मदद करता है।

**पिग्मेंटेशन**

जब हमारी स्किन मेलेनिन पिगमेंट बनाना शुरू कर देती हैं, तो बाहर से स्किन को प्रभावित करने वाले सारे कारक स्किन पर अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में केसर रक्षा कवच बनकर हमारी स्किन की सुरक्षा करता है।

# क्यों मनाया जाता है Endometriosis Awareness Month और क्या है इस साल की थीम

**एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी गंभीर समस्या है जिससे दुनियाभर में लाखों महिलाएं पीड़ित हैं। इस बीमारी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर कंसीव करने और पीरियड्स के दौरान। इसलिए लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक और संवेदनशील बनाने के लिए हर साल मार्च को की तरह मनाया जाता है। जानें क्या है इस साल की थीम और क्या है इसका इतिहास।**




**नई दिल्ली।** एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें यूटेरस की लाइनिंग जैसे टिश्यू उसके बाहर भी ग्रो करने लगते हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, दुनिया की कुल आबादी की 10 प्रतिशत महिलाएं, इस समस्या से पीड़त हैं। इस कंडिशन की वजह से महिलाओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें माहवारी के समय काफी दर्द और कंसीव करने में परेशानी भी हो सकती है। एंडोमेट्रियोसिस की कंडिशन में यूटेरस जैसे टिश्यू यूटेरस के अलावा पेल्विस के किसी भाग में या कई बार शरीर के किसी अन्य भाग में भी ग्रो कर सकते हैं। इस कारण से सूजन और टिश्यू स्कारिंग की समस्या भी हो सकती है। इस वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस कंडिशन का कोई इलाज नहीं है, लेकिन दवाइयों की मदद से इसे मैनेज किया जा सकता है। इस बीमारी और इससे जुड़ी धारणाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल मार्च के महीने को Endometriosis Awareness Month की तरह मनाया जाता है। इस महीने इस बीमारी से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कई कैंपेन आदि भी चलाए जाते हैं।

**क्या है एंडोमेट्रियोसिस अवेयरनेस मंथ का इतिहास?**

Endometriosis Awareness Month पहली बार 1993 में मार्च के महीने में एंडोमेट्रियोसिस एसोशिएशन ने मनाया था। इसे मनाने का मकसद, इस बीमारी का बेहतर इलाज खोजने और इससे जुड़े रुढ़िवादी विचारों को खत्म करना था। तब से हर साल मार्च के महीने में इस कंडिशन के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने की कोशिश की जाती है।

**क्या है इस साल की थीम?**

इस साल Endometriosis Awareness Month की थीम है- लिविंग वेल टुगेदर इस थीम की मदद से समाज में लोगों को एंडोमेट्रियोसिससे लड़ रही महिलाओं के लिए मददगार और उनकी तकलीफ को प्रति संवेदनशील बनाने की कोशिश की जाएगी। इस थीम की मदद से न केवल आम जनता बल्कि, केयर टेकर्स, डॉक्टर्स, परिवारजनों और दोस्तों को भी इस कंडिशन के बारे में और सेंसिटिव बनने के लिए प्रेरित किया जाता है।

**एंडोमेट्रियोसिस के लक्षण-**

पेल्विस रीजन में दर्द, शारीरिक संबंध बनाने में दर्द होना, यूरिन करने में दर्द होना, पीरियड्स के दौरान दर्द होना और अधिक ब्लीडिंग होना, प्रेग्नेंट होने में परेशानी का सामना करना पड़ना, डिप्रेशन या एंग्जायटी, थकान, ब्लोटिंग या मितली

# Seasonal Flu में तेजी से बढ़ रहे इन्फेक्शन के मामले, इन टिप्स को अपनाकर रखें अपना ख्याल




**सर्दियों का मौसम में धीरे-धीरे जाने लगा है। ऐसे में बदलते मौसम का असर अब हमारी सेहत पर भी दिखने लगा है। तापमान में जारी उतार-चढ़ाव के साथ ही का दौर भी जारी है। ऐसे में कई लगातार फ्लू का शिकार हो रहे हैं।**

**नई दिल्ली।** अक्सर सर्दियों के बीतते मौसम के साथ ही फ्लू के मामले तेजी से बढ़ने लगते हैं। पिछले कुछ दिनों से फ्लू के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) के मुताबिक सीजनल फ्लू या मौसमी इन्फ्लूएंजा (फ्लू) इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होने वाला एक एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन है, जो दुनिया के सभी हिस्सों में आम है। यह ज्यादातर लोगों बिना उपचार के ठीक हो जाता है। इन्फ्लूएंजा लोगों के खांसने या छींकने पर आसानी से फैलता है। वैक्सीनेशन इस बीमारी से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है। इन्फ्लूएंजा के लक्षणों में तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, शरीर में दर्द और थकान शामिल हैं। ऐसे में इससे बचने के लिए आप कुछ उपाय अपना सकते हैं। आइए जानते हैं फ्लू सीजन में कैसे रखें अपना ख्याल

**ऐसे करें फ्लू से बचाव**

सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन (CDC) के मुताबिक मौसमी फ्लू और इसकी संभावित गंभीर जटिलताओं को कम करने का सबसे अच्छा तरीका हर साल वैक्सीनेशन करवाना है। इसके अलावा कुछ अन्य आदतों को अपनाकर भी आप इससे बचे सकते हैं।

**निकट संपर्क से बचें**

जो लोग बीमार हैं, उनके निकट संपर्क से बचें। साथ ही जब आप बीमार हों, तो दूसरों को भी बीमार होने से बचाने के लिए उनसे दूरी बनाए रखें। जब तक आप ठीक नहीं होते, घर पर रहें। अगर संभव हो, तो बीमार होने पर स्कूल-कॉलेज और ऑफिस से दूर रहें। इससे आपकी बीमारी को फैलने से रोकने में मदद मिलेगी।

**अपना मुंह और नाक ढकें**

खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को रुमाल से ढकें। यह आपके आसपास के लोगों को बीमार होने से बचा सकता है। फ्लू के वायरस मुख्य रूप से फ्लू से पीड़ित लोगों के खांसने, छींकने या बात करने से निकलने वाली बूंदों से फैलते हैं।

**अपने हाथ साफ रखें**

किसी भी तरह से वायरस से बचने के लिए जरूरी है कि अपने हाथों को साफ रखें। ऐसे में बार-बार हाथ धोने से आपको कीटाणुओं से बचने में मदद मिलेगी। अगर साबुन और पानी उपलब्ध नहीं है, तो अल्कोहल बेस्ड हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें।

**आंखों नाक या मुंह को छूने से बचें**

बीमारी फैलाने वाले कीटाणु तब फैल सकते हैं, जब कोई व्यक्ति जर्म्स से दूषित किसी चीज को छूता है और फिर उससे अपनी आंखों, नाक या मुंह को छूता है। ऐसे में बार-बार

**अपनी आंखों नाक या मुंह को छूने से बचें।**

अच्छी स्वास्थ्य संबंधी आदतें अपनाएं सीजनल फ्लू से बचने के लिए जरूरी है कि घर, ऑफिस या स्कूल-कॉलेज में बार-बार छुई जाने वाली सतहों को साफ और कीटाणुरहित करें, खासकर जब कोई बीमार हो। भरपूर नींद लें, शारीरिक रूप से एक्टिव रहें, अपने तनाव को मैनेज करें, खूब सारे तरल पदार्थ पिएं और पौष्टिक भोजन करें।

**कार्यालय नगर परिषद् रतनगढ़, जिला नीमच (म.प्र.)**

Ph-07420 -253036, Email-cmoratangarh@mpurban.gov.in

क्रमांक-ई-निविदा/2023-24/632 रतनगढ़ दिनांक 04/03/2024

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा समस्त केन्द्रीकृत प्रणाली एवं नवीन पंजीकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट mptenders.gov.in/mpurban.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क0 | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधी एवं लागत | निविदा प्रपत्र मुल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_340 937_1 | वार्ड क. 03/06 कॉजी हाउस के पास सामुदायिक भवन/डोम निर्माण कार्य | 19.78 लाख 06 माह | 2000/- 14850/- | 06-04-2024 17:30 PM |
| 02 | 2024_UAD_340 939_1 | रतगढ़ के वार्ड कमांक 13 नई आबादी मे नाला निर्माण कार्य | 08.30 लाख 06 माह | 2000/- 16600/- | 06-04-2024 17:30 PM |
| 03 | 2024_UAD_340 940 | रतगढ़ के वार्ड कमांक 14 गाडोलिया बस्ती मे नाला निर्माण कार्य | 13.60 लाख 06 माह | 2000/- 16605/- | 06-04-2024 17:30 PM |
| 04 | 2024_UAD_341 035_1 | मेन रोड से नवीन बस स्टेण्ड तक डामर रोड, रिटर्निंग वाल एवं आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य | 75.12 लाख | 5000/- 56345/- | 06-04-2024 17:30 PM |

निविदा शर्ते :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन mptenders.gov.in/mpurban.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

(सुगनाबाई-कचरूलाल गुर्जर) अध्यक्ष नगर परिषद रतनगढ
(किरण- शिवनन्दन छीपा) उपाध्यक्ष नगर परिषद रतनगढ
राजेन्द्र मूंदड़ा सभापति लो.नि. नगर परिषद रतनगढ़
(दीपक मुवेल) उपयंत्री नगर परिषद रतनगढ़
(गिरीश शर्मा) -मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद रतनगढ

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

## नगरपालिका अध्यक्ष ने किया क्राउन सिटी में निर्माण धिन सड़क का निरीक्षण



**नीमच।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने वार्ड क्रमांक 8 इंदिरा नगर क्राउन सिटी में 18 लाख की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण का निरीक्षण किया साथ ही वार्ड पार्षद दुर्गा शंकर दंशाना जिला अध्यक्ष कल्याण कमलमय समर्थक समिति व वार्ड वासियों की शिकायत के बाद सीसी रोड़ निर्माण के दौरान बंद हुए शिविर चैंबरों को ठेकेदार के माध्यम से तुरंत खुलवाया गया इसी कड़ी में कल्याण कमलमय समर्थक समिति(नेशनल वालिंटियर भारतीय जनता पार्टी) के जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना (वार्ड पार्षद) ने बताया की पूर्व में यह रोड़ पूरी तरह से गड्ढे नुमा होने व इसमें बारिश के समय पानी भरे रहने से यहां के निवासियों का आवागमन बाधित हो जाता था साथ ही उबाड़ खाबड़ रोड़ होने से वाहनों से आने-जाने में भी दिक्कतो का सामना करना पड़ता था लेकिन आज नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा जी के सहयोग से उक्त गड्ढे नुमा पानी से भरे रहने वाली सड़क का सीसी रोड निर्माण कर उक्त रोड़ को नया आकार प्रदान करने पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालंटियर भारतीय जनता पार्टी) के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा को गुलदस्ता भेंट किया गया!

इस अवसर पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालिंटियर भारतीय जनता पार्टी) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रईस पटवा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार, जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना (वार्ड पार्षद), सचिव रोहित माली, महामंत्री समरथ राठौर, अर्जुन राठौर,सह सचिव शफीक कुरेशी, समाजसेवी देव गुर्जर, ठाकुर सज्जन सिंह वाघेला, मुस्लिम पंसमादा के जिला अध्यक्ष काबिल खान, आरिफ मिस्त्री, सतीश हास एवं अन्य साथी गण उपस्थित रहे ।

## आधार कार्ड, आभा आईडी बनाने का कार्य अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण करें-श्री जैन



**कलेक्टर श्री जैन ने की ई-जनसुनवाई- वीडियों कॉफ्रेसिंग के जरिए हुए ग्रामीणों से रूबरू**

**नीमच।** कलेक्टर दिनेश जैन व्दारा सोमवार 4 मार्च 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नीमच मे ई-जनसुनवाई आयोजित की गई। ई-जनसुनवाई में कलेक्टर दिनेश जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ग्राम पंचायत समेल, लासुर, सरवानिया मसानी, केशरपुरा, दामोदरपुरा के ग्रामीणो से चर्चा कर, उनकी समस्या सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर दिनेश जैन ने ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ग्राम पंचायत समेल, लासुर, सरवानिया मसानी, केशरपुरा, दामोदरपुरा के ग्रामीणो से चर्चा कर,उनकी समस्याएं सुनी। उन्होने पटवारी को आधार कार्ड, आभा आईडी के लंबित कार्य को सर्वे कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। लासूर के ग्रामीणों द्वारा पेयजल वितरण की समस्या, पर कलेक्टर ने टयूबवेल अधिग्रहण के निर्देश दिए। उन्होने राजस्व महाअभियान के तहत नक्शा तरमीम के कार्य का प्रशिशत, स्वामित्व योंजना, पीएम किसान सम्मान निधिके तहत जिनके खाते नही खुले है, उन्हे शीघ्र खाते खुलवाने, आयुष्मान कार्डप्रगति संतोषजनक नहीं होने पर कलेक्टर ने कार्य उदासीनता पर संबंधित को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होने संबंधितों को अभियान चलाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जैन ने ई जनसुनवाई में दामोदपुरा के ग्रामीणों द्वारा आयुष औषधालय की मांगएवं जल जीवन मिशन के कार्य से सडक क्षतिग्रस्त की स्थिति पर स्वयं ग्राम भ्रमण कर जायजा लेने की बात कही। ग्रामीणों द्वारा नेटवर्क की समस्या, पुराने क्षतिग्रस्त आंगनवाडी एवं स्कूल भवनों को चिहिन्त कर, डिस्मेन्टल करवाने के निर्देश दिए। केसरपुरा में पशु चिकित्सालय की मांग औरग्रामीणों द्वारा इसबगोल के नुकसान होने पर कलेक्टर ने सर्वे के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत युवा मतदाता जागरूकता कार्यशाला आयोजित





**मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला**

**नीमच।** द्वारा कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्री दिनेश जैन, नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम सीईओ जिला पंचायत श्री गुरु प्रसाद के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत युवा मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय नीमच में किया गया। आयोजन में मुख्य वक्ता प्रो डॉ संजय जोशी एवं एन यू एल एम नगरपालिका नीमच के सिटी मिशन मैनेजर श्री प्रवीण आर्य ने युवा मतदाताओं को सम्बोधित किया। डॉ जोशी ने कहा कि युवा वो शक्ति है जो मन मे ठान ले तो असम्भव को भी संभव बना दे, जो लोग मतदान का महत्व नही समझते, वोट नही देते ऐसे लोगो को समाज के युवा जागरूक कर वोट देने के लिये प्रेरित कर सकते है, एक अच्छी सरकार के निर्माण में एक एक वोट महत्वपूर्ण हैं और शत प्रतिशत वोट के लिये युवाओं को महती भूमिका निभानी हैं। श्री आर्य ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में युवाओं ने लोगो को मतदान के प्रति जगरूक करने में अपनी जो भूमिका निभाई थी उससे नीमच जिले का वोट प्रतिशत बढ़ा हैं जो काबिले तारीफ हैं, इसी प्रकार हमे लोकसभा निर्वाचन में भी और अधिक वोट प्रतिशत बढ़ाना है। जिला समन्वयक श्री वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने मतदाता जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन सभी ग्रामो और शहरी क्षेत्रों में किस प्रकार किया जाय जिससे कि अधिक से अधिक जन जागृति हो, के बारे में विस्तार से बताया एव जन अभियान परिषद द्वारा पूर्व में की गई गतिविधियों से अवगत कराया। आयोजन में परामर्शदाता, सामाजिक संस्थाओं के युवस प्रतिनिधि, युवा कार्यकर्ता, विधार्थी उपस्थित थे। अंत मे सभी को शत प्रतिशत मतदान करने और करवाने की शपथ दिलाई। संचालन एव आभार पवन कुमरावत ने किया।

## जनसुनवाई में मिला लीज नवीनीकरण आदेश



**नीमच।** कलेक्टर दिनेश जैन व्दारा जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रति सोमवार को वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिये जनसुनवाई आयोजित कर जनसमस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। सोमवार को न.पा. नीमच में संयुक्त कलेक्टर राजेश शाह, सीएमओ श्री महेन्द्र वशिष्ट व्दारा जनसुनवाई की गई। इसमें आवेदक राजस्व कॉलोनी नीमच निवासी राजाराम मूलचंदानी को लीज नवीनकरण का आदेश प्रदान किया गया।

लीज नवीनीकरण की समस्या का समाधान होकर लीज नवीनीकरण आदेश मिलने पर श्री मुलचंदानी काफी खुश नजर आ रहे थे। उल्लेखनीय है, कि कलेक्टर दिनेश जैन व्दारा 28 फरवरी को आदेश जारी कर अधिकारियों को सोमवार 4 मार्च को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक जनसुनवाई कर, नगरीय क्षेत्र से संबंधित आवेदनों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

## गाँधीसागर अभयारण्य में छठवें पक्षी सर्वेक्षण का हुआ समापन



**मंदसौर।** पश्चिमी मध्यप्रदेश अंतर्गत मंदसौर जिले के एक मात्र वन्यजीव अभयारण्य गाँधीसागर में 01 मार्च को शुरू हुए तीन दिवसीय पक्षी गणना का समापन *विश्व वन्यजीव दिवस* के अवसर पर हुआ। 03 दिवसीय पक्षी सर्वेक्षण में कुल 09 राज्यों के 50 से अधिक पक्षी प्रेमी एवं अभयारण्य गाँधीसागर के 60 से अधिक स्टॉफ एवं सुरक्षा श्रमिकों ने 25 निर्धारित रूट पर सुबह एवं शाम को पक्षी सर्वेक्षण का कार्य किया। वन संरक्षक एवं वन मंडल अधिकारी भी सर्वेक्षण के दौरान उपस्थित थे ।

तीन दिवसीय पक्षी सर्वेक्षण के दौरान वन संरक्षक उज्जैन श्री एम. आर. बघेल तथा वन मंडल अधिकारी मंदसौर श्री संजय रायखेरे ने भी पक्षी सर्वेक्षण कार्य में सम्मिलित होकर पक्षी प्रेमियों का हौंसला बढ़ाया। इस बार के पक्षी सर्वेक्षण की ये रही खास बातें गाँधीसागर में पक्षीयों की जैव विविधता पूरे भारत वर्ष से पक्षी प्रेमियों को यहाँ आकर्षित करती है , इस वर्ष भी कुल 09 राज्यों से 250 से अधिक पक्षी प्रेमियों के आवेदन में से 50 पक्षी प्रेमियों को सर्वेक्षण का मौका मिला। 04 राज्यों के 10 से अधिक महिला प्रतिभागी भी हुई सम्मिलित। ह्यूमस लार्क प्रजाति का पक्षी पहली बार गाँधीसागर मे रिकॉर्ड हुआ। 01 से 03 मार्च तक हुई बूंदाबादी एवं बादलों के बीच भी प्रतिभागियों ने 200 से अधिक प्रजाति के पक्षियों को अपने कैमरों में कैद किया, जो उनके पक्षियों के प्रति प्रेम को दिखाता है।

सर्वेक्षण के दौरान पहली बार एशियाई राज गिद्ध तथा ब्राउन फिश आउल के नेस्टिंग(घोंसले) देखे गए जो यह दर्शाते है की यहाँ का क्षेत्र प्रजनन के लिए भी उपयुक्त है। इस बार के सर्वेक्षण में पूर्व के वर्षों की तुलना में इस वर्ष रही छोटी शीत ऋतु एवं सर्वेक्षण के दौरान हुई बारिश से प्रवासी पक्षियों एवं स्थानिय पक्षियों की कुछ प्रजातियां नही देखी जा सकी। तथा बेमौसम होने वाली बारिश का प्रभाव भी इनकी संख्या पर पड़ा।

पक्षियों की जैव विविधता स्वच्छ पारिस्थितकीय तंत्र का है सूचक वन संरक्षक उज्जैन श्री एम आर बघेल ने बताया कि वैसे तो हर एक जीव प्रकृति का अभिन्न अंग है किंतु किसी क्षेत्र में पक्षियों की जैव विविधता वहाँ के स्वच्छ पारिस्थितकीय तंत्र का सूचक है तथा गाँधीसागर में 200 से अधिक प्रजाति के पक्षियों की जैव विविधता यह दर्शाती है कि गाँधीसागर अभयारण्य के खुले घांस के मैदान तथा गाँधीसागर जलाशय अन्य जीवों के लिए भी अच्छे आवास स्थल हो सकते है। इस प्रकार के सर्वेक्षण कार्य सामान्य लोगों को वन एवं वन्यजीवों के साथ जोड़ते हुए इनके संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं।

## संसार में सबसे विशुद्ध प्रेम पिता और बेटी का होता है- साध्वी विष्णु प्रिया जी



**नीमच।** मातृशक्ति त्याग और बलिदान का परिचयाक होती है । पुरुष अंजान घर में एक घंटा भी नहीं रह पाता है लेकिन बेटी अनजानआंगन में पूरा जीवन व्यतीत करती हैं। मातृशक्ति के जैसा आत्मबल सारे संसार कहीं और नहीं होता है। पुरुष सेंकड़ों बाराती लेकर जाता है।

लेकिन बेटी अकेली शेरनी उनके साथ आती है। त्याग समर्पण का पर्याय बेटी होती है। संसार में सबसे विशुद्ध प्रेम पिता और बेटी का होता है। यह बातश्री भागेश्वर आश्रम समिति मंदिर के तत्वाधान में भागेश्वर आश्रम मंदिर परिसर में आयोजित श्री राम कथा की अमृत ज्ञान गंगा में संत भक्ति प्रिया इंदौर की शिष्या एवं ईश्वरीय प्रेम आश्रम इंदौर की साध्वी विष्णु प्रिया श्री जी महाराज साहब ने कही। उन्होंने कहा कि सदेव जीवन में सत्य बोलना चाहिए क्योंकि एक झूठ को छुपाने के लिए अनेक झूठ बोलने पड़ते हैं। भगवान की परीक्षा नहीं प्रतीक्षा करनी चाहिए। संसार के लोग यश कीर्ति चाहते हैं। जबकि संतों के अनुसार प्रेम, मान ,यश सदैव देना चाहिए लेकिन हम स्वार्थी है हम सुख चाहते हैं। जीवन में अभिमान आता है तो वह पतन का कारण बनता है। संसार में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए तेरा मेरा नहीं करना चाहिए ।एक दिन यह जीवन मिट्टी का ढेर के रूप में बदलेगा।भगवान सेवा दान पुण्य कर्म करने से प्रसन्न होते हैं।

यदि हम अच्छा कार्य करते हैं तो उसकी प्रशंसा अपने आप होगी हमें उसे दिखावा करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। श्री राम कथा हमें व्यवहार और चरित्र को किस प्रकार सुंदर बनाना चाहिए इसकी शिक्षा देती है। जीवन में प्रतिदिन सत्संग में अवश्य भाग लेना चाहिए यह पुण्य जीवन में कब काम आ जाए कहा नहीं जा सकता है। पांचो पांडवों ने जब यज्ञ कराया था तो द्रोपदी के सत्संग के पुण्य के कारण ही भाई यज्ञ सार्थक हो पाया था। हर व्यक्ति जीवन में मंदिर नहीं बना पाए कोई बात नहीं लेकिन जीवन में एक बार कन्यादान अवश्य करना चाहिए।

## 5 मार्च को जिलास्तरीय सीनियर खो-खो चयन प्रतियोगिता

**मंदसौर।** खो-खो कॉर्पोरेशन, मन्दसौर के सचिव मुकेश भटेवरा ने बताया कि 09 और 10 मार्च 2024 को राज्यस्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता इंदौर में आयोजित होगी । उसके लिए मन्दसौर से सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग खो-खो टीम का चयन 05 मार्च 2024 को जिला खेल अधिकारी एवं खो-खो कॉर्पोरेशन, मन्दसौर के अध्यक्ष श्री विजेन्द्र देवड़ा के मार्गदर्शन में प्रातः 10:30 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय भानपुरा जिला-मन्दसौर के खो-खो ग्राउंड पर किया जाएगा । चयन प्रतियोगिता खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमानुसार आयोजित होगी, जो भी खिलाड़ी इस चयन प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वो सचिव श्री मुकेश भटेवरा मो.न. 9981795075, और खो-खो कोच एवं सहसचिव श्री तरुण लोहार मो.न. 9752619620 को अपनी उपस्थिति प्रतियोगिता स्थल पर नियत समय पर दे ।

## माँ शीतला माता मंदिर परिसर में होगा होलिका दहन

**नीमच।** वार्ड नं. 08 के अंतर्गत आने वाले क्लासिक क्राउन कॉलोनी व त्रिमूर्ति नगर के बीच स्थित खेल मैदान परिसर में बने मॉ शीतला माता मंदिर परिसर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम के साथ होलिका दहन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक मण्डल के प्रमुख गोपालसिंह सिसोदिया ने बताया कि इस वर्ष भी दिनांक 24 मार्च को शुभमुहर्क्त में विधिवत पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है।




## मेवाड़ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अखिल भारतीय श्री नंदलाल गदिया स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024 का समापन

**जी. बी. पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी पंतनगर की टीम ने जीता रनिंग ट्रॉफी का खिताब**



**चित्तौड़गढ।** (अमित कुमार चेचानी)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय 'अखिल भारतीय श्री नंदलाल गदिया स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024' का समापन हुआ। जिसमें प्रथम पुरस्कार जी. बी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंतनगर, उत्तराखंड की टीम ने श्री नंदलाल गदिया मेमोरियल रनिंग ट्रॉफी का खिताब जीता। कार्यक्रम संयोजक डॉ. लोकेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के पूर्व मंत्री प्रोफेसर अभिषेक मिश्रा ने कहा कि समाज के बदलने से पहले खुद को बदलना ज़रूरी है, जिस दिन हम ऐसा करने लगेंगे उस दिन समझा जाएगा कि बदलाव आ रहा है समाज में। इसलिए समाज को तभी बदला जा सकता है जब हमारी मानसिकता बदलेगी।

जितने भी महान व्यक्तित्व पैदा हुए, उन्होंने अकेले ही पूरे समाज को नई राह दिखाई है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय समाज में वर्ण-व्यवस्था कर्म प्रधान है लेकिन अंग्रेजों और कुछ राजनीतिक दलों ने इसके पूरे स्वरूप को बदल दिया और जिसका परिणाम है कि आज भारतीय समाज जातियों में बंट चूका है। हमें इससे ऊपर उठकर राष्ट्र के विकास की बात करनी होगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि में शिव रतन मूंदडा उपस्थित थे। अतिथियों का आभार कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा ने जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर जी. के. शर्मा और संचालन गौरांगी शर्मा ने किया।

**ये रहे विजेता:**

सह संयोजक शान्ति लाल सुथार ने जानकारी दी कि 'अखिल भारतीय श्री नंदलाल गदिया स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024' में हिंदी और इंग्लिश माध्यमों में अलग अलग 5 प्रथम, 5 द्वितीय और 5 तृतीय पुरस्कार के तहत क्रमशः 21000, 15000 और 11000 रुपये का धनराशि वितरित की गई और 5 बेस्ट स्पीकर को 5100 रुपये की धनराशि दी गई। कुल 40 पुरस्कारों में 5,21000 रुपए की राशि की रही। विजेताओं में हिंदी माध्यम में अनुराग शुक्ला, हिमांशु जिंदल, नारायण सिंह, शताक्षी शर्मा, फैजान मुर्सील गजाला शाहीन, आदित्य प्रताप सिंह, गौरव संचार, डिंपल प्रजापत, मेवा कुमारी, कौशल्या कंवर, रिद्धिमा व्यास, चिराग झा, हर्षित भाटिया, लक्षिता पुरोहित हित्विका शर्मा, माधव कौशिक, डॉ. मोहिनी शर्मा, शिवम गुप्ता, कुशाग्र शर्मा, शगुन, अनशिखा बोरा, मनीष साहू उज्जवल त्रिपाठी, गार्गी पांडे प्रिया सिंह, गरिमा पटेल, कन्हैयालाल ओम ठाकुर, अक्षदीप कौर व अंग्रेजी माध्यम में समिष्ठा भट्टा, संभवी, दीपांशु झा, सुजल शर्मा, आंचल, अरिजीत मित्रा, भाव्या श्रीवास्तव, मोनिका ढाका, शगुन गोस्वामी, सान्या लांबा, हातिम पतुरा, निर्लिप्त सिंह बारठ, आशीष जमवाल, आराध्या मथानी, अभिनव बंसल, अभिषेक सिंह बघेल, ऋषभ ओदिच्य, अंकिता भारद्वाज, शशांक गुप्ता, शिखा गुप्ता, सैयद अक्षा, ईमान खान, रानी पांडे, सुषमा सिंह, चिन्मयी शर्मा, हर्षिल, सांची जीवाने, शेख सैफ, शोएब खान, ऋतंभरा गुप्ता, दिव्यज्योति त्रिपाठी, तनसुई सक्सेना रहे आदि रहे।

**ये रहे बेस्ट स्पीकर**

समन्वयक वीरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि बेस्ट स्पीकर में शताक्षी शर्मा (उत्तरांचल यूनिवर्सिटी), गौरव संचार (राजकीय न्यू लॉ कॉलेज इंदौर), चिराग झा(दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, दिल्ली यूनिवर्सिटी), कुशाग्र शर्मा(किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी), गार्गी पांडे(बनस्थली विद्यापीठ), संभवी(जी. बी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी पंतनगर), निर्लिप्त सिंह बारठ(भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी उदयपुर) सैयद अक्शा(अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी), दिव्यज्योति त्रिपाठी व तनसुई सक्सेना(जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली) शामिल रहे। इन सभी को सर्टिफिकेट और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का परंपरागत तरीके से पगड़ी, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मेवाड एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष गोविंदलाल गदिया, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य आर. के गदिया, कुलसचिव प्रदीप डे, ओएसडी एच.विधानी, सलाहकार प्रोफेसर रमैया और प्राफेसर आर. ए. गुप्ता, मेवाड़ विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, फैकल्टी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन में विश्वविद्यालय टीम सहित डॉ. किरण त्रिपाठी, अनुभव राठौर, संतन कुमार, राघव टेलर, अनिल कुमार, सूर्यप्रकाश यादव, हिमांशु वर्मा, हरिओम शर्मा का विशेष सहयोग रहा, साथ ही विश्वविद्यालय एनएसएस और एनसीसी केडेट्स ने अपनी बेहतरीन सेवाएं दी।

## ब्रह्मज्ञान बिना आत्मा का कल्याण नहीं होता- रेनू बहन




**साध संगत जी, प्यार से कहना- धन निरंकार जी। संत निरंकारी सत्संग संत समागम संपन्न**

**नीमच।** ब्रह्मज्ञान के बिना आत्मा का कल्याण नहीं होता है। मनुष्य जन्म में सत्संग दुर्लभ है इसलिए प्रत्येक मनुष्य को जीवन में प्रतिदिन एक घंटा अवश्य सत्संग का कर्म करना चाहिए। पुण्य कर्म का फल जीवन के किस पल काम आ जाए कहां नहीं जा सकता है। मनुष्य को प्रतिदिन परमात्मा के नाम का स्मरण करना चाहिए।किसी भी मनुष्य को उसका अंतिम समय ज्ञात नहीं होता है। इसलिए मनुष्य को सदैव पुण्य कर्म करते रहना चाहिए। यह बात निरंकारी मिशन उदयपुर की शांतिदूत सद्गुरु प्रचारक परम पूज्य बहन रेनू ने कही। वे सद्गुरु माता सुदीक्षा पूज्य महाराज जी के मार्ग दिशा निर्देशन में समीपवृती ग्राम मालखेड़ा स्थित नवनिर्मित संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार शाम 5 बजे आयोजित संत समागम के मध्य बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि जहां संतोष का धन होता है वह संसार में सबसे बड़ा धन होता है। सद्गुरु हमेशा हमें दूसरों का भला करना सिखाते हैं सदैव दूसरों की अच्छाई को ग्रहण करना सिखाते हैं बुराई का त्याग करना सिखाते हैं। सत्संग वह कल्पवृक्ष है जो सभी सुखों की खान है। क्रोध वह अग्नि है जो मनुष्य के जीवन को जला कर राख कर देती है। इसलिए जीवन में सदैव विनम्रता के साथ सभी से अच्छा व्यवहार करना चाहिए जिंदगी के किस मोड पर कब कौन काम आ जाए पता नहीं। संसार में मनुष्य कोबहुत कुछ मिलने के बाद भी वह भी भिखारी की तरह परमात्मा से मांगता ही रहता है जबकि वास्तविक सच्चाई यह है कि परमात्मा प्रत्येक मनुष्य को जो कुछ देता है वह उसके कर्मों के फल के अनुसार देता है। कि मनुष्य जो मिला है उसका धन्यवाद तो नहीं देता हैं।

उल्टा और मांगता ही रहता है।जबकि परमात्मा को जो व्यक्ति धन्यवाद देता है परमात्मा उसे और देता है इसलिए हमेशा परमात्मा को हर कार्य के लिए प्रतिदिन सुबह और रात को धन्यवाद देना चाहिए। राम की कृपा के बिना सत्संग का सौभाग्य भी नहीं मिलता है।श्री कृष्ण ने द्रौपदी से एक बार कहा था कि वह जीवन में सत्संग में अवश्य सहभागी बने। एक बार जब युधिष्ठिर और पांच पांडवों ने यज्ञ किया तो वह यज्ञ द्रौपदी द्वारा पूर्णिमा के दिन सत्संग में भाग लेने से जो पुण्य ग्रहण किया था इस कारण पूर्ण हो सका था। मनुष्य तन को निरोगी रखना है तो सेवा के पुण्य कर्म करते रहना चाहिए।धन को पवित्र करना है तो दान पुण्य करते रहना चाहिए। सत्संग धर्म सभा के शुभारंभ पर श्रीमती संतोष सोनी रामपुरा, राजेश सोनी, राम सिंह, श्रीमती सुशीला बहन, मिश्रा, उदयपुर, धीरज पारेता, रतन देशबंधु, दुर्गा शंकर सेवक, चित्तौड़गढ़, राजेंद्र हासपुर, जय राम, प्रहलाद भाई घनश्याम मनासा, ओम प्रकाश सेन, कन्हैयालाल मेघवाल, बनवारी लाल, लक्ष्मण भाई, राजकुमार संजय भाई, जे एस संगत आदि ने साध संगत में अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर सद्गुरु का स्वागत मुखी पदम कुमार कोटक, एन .आर. शाक्य, अर्जुन सिंह पंवार, सेवादल इन्चार्ज सीएम व्यास, जगमोहन कटारिया, गुणवंत गोयल, माया बहन, गायत्री बहन, वर्षा बहन ने स्वागत सत्कार का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एक तू ही निरंकार मेरे अवगुण को ना स्वीकार सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया।

## लोकसभा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता का कल्याण कमलमय समर्थक समिति ने किया स्वागत



**नीमच।** मंदसौर, जावरा लोकसभा क्षेत्र से निंरतर दो बार के सांसद रहे आम जन व पार्टी कार्यकर्ताओं के सुख दुख के साथी भाजपा की जन हितैषी योजनाओं का लाभ नीमच, मंदसौर,जावर संसदीय क्षेत्र के लोगों को दिलाने वाले विकासवादी सोच के धनी सांसद सुधीर जी गुप्ता को तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालिंटियर भाजपा) के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय तपोभूमि नीमच पर पहुंचकर अजेय योद्धा सांसद सुधीर जी गुप्ता को पुष्प माला पहनाकर व साफा बांध जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार व विधायक गणो की उपस्थिति में जीत की अग्रिम बधाई के साथ - साथ विश्वास दिलाया कि अबकी बार 400 पार और फिर मोदी सरकार के साथ भव्य स्वागत किया गया! इस अवसर पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालंटियर भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रईस पटवा (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ), राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार (मुख्य प्रकोष्ठ), जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना (पार्षद वार्ड क्रं 8), समाज सेवी चंद्रप्रकाश (मोमू) लालवानी, मुकेश राज हंसिनी, उपाध्यक्ष जगदीश बकरावत, सह सचिव शफीक कुरैशी, महामंत्री समरथ राठौर, सुरेश (टामोटी),अर्जुन राठौर, संगठन मंत्री रोहित माली, सद्दाम कुरेशी, नगरमंत्री मनोहर केथवास, नगर सचिव जयराम दसानी, ठाकुर सज्जन सिंह वाघेला, इस्माइल खान, अशोक राठौर, देवी सिंह यादव,अमन जायसवार, रोहित जायसवार, मुकेश यादव,आकाश नागदा,एहसान पठान आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।